*Press Coverage of*

*International Conference on*

# *Disability is a Challenge: Its Opportunities in Education and Employment*

*Ability Expo & Ability Camp*

*On 21st and 22nd January 2012*



**Organized by**

## TECNIA INSTITUTE OF ADVANCED STUDIES


Approved by AICTE, Ministry of HRD, Govt. of India Affiliated To Guru Gobind Singh Indraprastha University, Delhi

**INSTITUTIONAL AREA, MADHUBAN CHOWK, ROHINI, DELHI- 110085**

**E-Mail: director.tecniaindia@ gmail.com, directortias@tecnia.in, www.tecnia.in**

**Fax No: 27555120, Tel: 27555121-24**


ISO 9001 International Standards Certifications ISO 9001:2008

**In collaboration with**

## TECNIA INSTITUTE OF REHABILITATION SCIENCES & RESEARCH

Approved by Rehabilitation Council of India (A statutory body under Ministry of Social Justice & Empowerment)







**Institute is rated as "A++" Category Best Business School by latest AIMA - Business Standard & Business India Publications Surveys & included in Top 100 B – Schools & IT -Schools by Dalal Street Investment Journal**

# NEWS DESK INDIA, Dt. 21.1.2012








## विकलांगों को दया नहीं प्रेम चाहिए - जगन्नाथ पहाड़िया

Sat, 21 Jan 2012 19:12:04



नई दिल्ली (21 जनवरी 2012 राजेश शर्मा)-

विकलांग व्यक्ति हमारे समाज का एक महत्व पूर्ण हिस्सा हैं भारत व राज्य सरकारें इनके उत्थान के लिए कई प्रकार के कार्य करती हैं। समाज में शारीरिक व मानसिक रूप से बाधित बच्चों को हीन भावना ओर दया की दृष्टि से देखने की बजाय उनसे निःस्वार्थ प्रेम किया जाए। इन बच्चों के साथ भले ही सृष्टि ने न्याय न किया हो लेकिन इसके बावजूद प्रकृति ने इन्हें सामान्य लोगों की अपेक्षा कुछ न कुछ विशेष हुनर जरूर दिया है। उपरोक्त विचार हरियाणा के महामहिम राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया ने टेक्निया सभागार में "विकलांगता एक चुनौतीः शिक्षा एव रोजगार में इनके अवसर" पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए रखे।

इस दौरान पहाड़िया ने कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप बाधित लोगों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निखारना और सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करने की गहन आवश्यक्ता है न कि दया भाव दिखा कर उनके विकास को रोकना, इन्हें भी सामाज की मुख्यधारा से जोड़ा जाना चाहिए ताकि ये अपने जीवन को सामान्य ढंग से जी सकें। यदि इनकी उपेक्षा की जाएगी तो इनका विकास रुक जाएगा और ये दूसरों पर निर्भर रहेंगे। इस के लिए सर्वप्रथम शारीरिक व मानसिक रूप से बाधित लोगों के मता-पिता को जागरूक किया जाए और इनके शिक्षण-प्रशिक्षण के स्कूल खोले जाएं तथा सम्मान से जीने के लिए इनकी गुणवत्ता को पहचान कर इन्हें हुनरमंद बनाया जाए। यदि इन लोगों को प्रेरित किया जाए और उचित माहौल मिले तो ये आपको वो कर दिखाएंगे जिसे सामान्य आदमी नहीं कर पाएगा।

महामहिम जगन्नाथ पहाड़िया ने बताया कि सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में तो शारीरिक व मानसिक रूप बाधित लोगों के लिए स्थान आरक्षित हैं लेकिन केवल सरकारी संस्थानों के इस प्रयास से भारत विकलांगता मुक्त नहीं होगा। हमें सामाजिक स्तर पर भी नैतिक जिम्मेदारी लेनी होगी। आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को इस प्रकार के लोगों की सेवा के लिए आगे आने की आवश्यकता है।

इस दौरान भारतीय पुनर्विकास परिषद के चेयरमैन मेजर जनरल आई.कारडोजा ने कहा कि विकलांग लोगों को उचित शिक्षा एवं रोजगार दे कर राष्ट्रीय विकास में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

टेक्निया समुह के चेयरमैन रामकैलाश गुप्ता ने कहा कि विकलांगों की सेवा में टेक्निया लगातार प्रयासरत है और विकलांगों को गुणवत्तापरक शिक्षा दे कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा।

दिल्ली के मधुबन चौक पर स्थित टेक्निया सभागार में अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय इस सेमिनार का शुभारंभ सरस्वती वंदना के बाद हरियाणा के राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया द्वारा दीप प्रज्जवलन से किया गया। इस मौके पर उनके साथ अखिल भारतीय वैश्य महासंघ के अध्यक्ष गिरीश संघी, वृद्ध केसरी क्लब की अध्यक्षा श्री मती किरण चोपड़ा, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्व विद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ.बी.पी. जोशी, इंदिरा गाँधी मुक्त विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो.एम.असलम आदि ने भी मुख्य रूप से उपस्थित हो कर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के दौरान शारीरिक व मानस्कि रूप बाधित बच्चों ने कई करुणामयी कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।




**Most Popular सर्वाधिक लोकप्रिय**

- भारतीय हॉकी को मिल सकता है 'सहारा' का सहारा
- महर्षि आयुर्वेद अस्पताल मे साप्ताहिक मधुमेह शिविर शुरू, बीपीएल कार्डधारकों को मिलेगी मुफ्त दवा
- भिवानी-लोहारू रेल लाइन जल्दी पूरी की जाए: कुलदीप
- मस्ती और खरीददारी का संगम है सूरजकुण्ड मेला
- सूरजकुण्ड मेला आज से शुरू



**NEWS DESK INDIA Dt. 23.1.2012**






# विकलांगों के उत्थान में सक्षम और ईमानदार लोग आगे आएं- मंगतराम सिंघल

Mon, 23 Jan 2012 16:17:44



नई दिल्ली (23 जनवरी 2012, राजेश शर्मा)-

टेक्निया इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज के सभागार में "विकलांगता एक चुनौती: इसमें शिक्षा एवं रोजगार में इनके अवसर" पर आयोजित एक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए दिल्ली के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल ने कहा कि भारत सरकार हो या राज्य सरकारें किसी भी सरकार के पास विकलांगों के सर्वांगीण विकास के लिए धन की कोई कमी नही है। विकलांगों के उत्थान के लिए कई प्रकार योजनाओं के तहत पूरे देश में काम हो रहा है। जिसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

इसके साथ ही सिंघल ने कहा कि केवल सरकारी प्रयासों के सहारे देश को विकलांगता मुक्त नहीं बनाया जा सकता, इसके लिए समाज के सक्षम और ईमानदार लोगों को भी सरकार के कार्यों में सहयोग करने के लिए आगे आना होगा। विकलांगो के लिए चलाई जा रही योजनाओं और उनके लिए शिक्षण-प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियों को आम जनता तक पहुँचाने के लिए आसान माध्यमों व तरीकों को अपनाने की भी आवश्यकता है ताकि समाज में शारीरिक व मानसिक रूप से बाधित लोगों का उचित रूप से विकास किया जा सके।

इस मौके पर टेक्निया ग्रुप के चेयरमैन रामकैलाश गुप्ता ने कहा कि विकलांगों के अंदर भी बहुमुखी प्रतिभाएं हैं, आवश्यक्ता है तो बस इन्हें पहचान कर उभारने की। शारीरिक व मानसिक रूप से बाधित लोगों को उनकी क्षमता के अनुसार शिक्षण-प्रशिक्षण दे कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के अवसर प्रदान करने के लिए टेक्निया ग्रुप निरंतर प्रयास करता रहा है।

मधुबन चौक पर स्थित टेक्निया सभागार में अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय इस सेमिनार के समापन अवसर पर शारीरिक व मानसिक रूप से बाधित बच्चों ने कई मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




**Most Popular सर्वाधिक लोकप्रिय**

- भारतीय हॉकी को मिल सकता है 'सहारा' का सहारा
- महर्षि आयुर्वेद अस्पताल मे साप्ताहिक मधुमेह शिविर शुरू, बीपीएल कार्डधारकों को मिलेगी मुफ्त दवा
- भिवानी-लोहारू रेल लाइन जल्दी पूरी की जाए: कुलदीप
- मस्ती और खरीददारी का संगम है सूरजकुण्ड मेला
- सूरजकुण्ड मेला आज से शुरू



**SUNDAY NAVBHARAT TIMES, NEW DELHI, Dt. 22.1.2012**



# रिजर्वेशन से निफ्यूजन लिए मिशन डो[...]ा मामला

## महिला कोटे पर सत्तारूढ़ पार्षद

प्रमुख संवाददाता || नई दिल्ली

[न]गर निगम चुनाव में रिजर्व सीटों के [फ]ॉर्म्युले ने सत्ता पक्ष के कई पार्षदों की नींद उड़ा दी है। उन्हें आशंका सता रही है कि उनकी सीट रिजर्व होने से उनका राजनीतिक जीवन डांवाडोल हो सकता है। इसकी काट के लिए वे कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का मन बना रहे हैं। इस काम के लिए पैसा इकट्ठा करने की कवायद भी शुरू हो गई है। हालांकि इस काम में जुटी एक महिला पार्षद की गतिविधियों पर सवाल उठ रहे हैं।

स्टेट इलेक्शन कमिश्नर राकेश मेहता ने अभी आधिकारिक तौर पर रिजर्व सीटों की घोषणा नहीं है, लेकिन इतना बता दिया है कि निगम की 272 सीटों में 1, 3, 5 (क्रमश) सीटें महिलाओं के लिए रिजर्व की जाएंगी। उन्होंने यह खुलासा नहीं किया है कि अनुसूचित जाति की सीटों के लिए क्या मानदंड अपनाए जाएंगे। महिला सीटों के बारे में कमिश्नर के रुख ने सत्तारूढ़ दल के कई पार्षदों की [नीं]द उड़ा दी है और वे इस बात को लेकर [इत]ना परेशान हैं कि आयोग की इस घोषणा से उनकी सीट खतरे में पड जाएगी। अपनी इसी परेशानी को लेकर सत्ता दल के पार्षद आजकल लगातार मीटिंग कर रहे हैं और कमिश्नर के फॉर्म्युले पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। उनका मानना है कि कमिश्नर जो तरीका अपना रहे हैं, उसे कोर्ट में चैलेंज किया जा सकता है।

अब चूंकि मामला कोर्ट में जाना है और स्टेट इलेक्शन कमिशन से टक्कर लेनी है तो वकील भी तेजतर्रार होना चाहिए। ऐसे वकील की फीस भी खासी तगड़ी होगी। इसके लिए पार्षदों ने चंदा जुटाने की कवायद शुरू कर दी है। इस


### कोर्ट जाने की तैयारी

- चुनाव में रिजर्व सीटों के फॉर्म्युले से पार्षद परेशान
- चुनौती देने के लिए कोर्ट जाने के विकल्प पर विचार
- 272 सीटों में 1, 3, 5 के क्रम में सीटें रिजर्व होंगी

[...] इन कॉलोनियों का [...]रकार की सेंट्रल [...]मिटी के पास लेकर [...] कि जब वहां रिज[...] नहीं तो उन्हें भी [...] इजाजत दी जाए। [...] बताया कि इसके [...]नधिकृत कॉलोनियां [...]0 कॉलोनियां डीडीए [...] हुई हैं। इस मसले [...]हरी विकास मंत्रालय [...]जाएगा, ताकि कुछ न [...] जा सके।

**विकलांगता पर संगोष्ठी** : भारतीय वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले शनिवार से टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ स्टडीज में विकलांगता और इससे जुड़े मुद्दों पर दो दिनों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरियाणा के राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया, टेक्निया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन राम कैलाश गुप्ता मौजूद थे।



**DAINIK JAGRAN, JAGRAN CITY, NEW DELHI, DATED 22.1.2012**



## 'राष्ट्र के विकास में विकलांगों की भूमिका सुनिश्चित हो'

बाहरी दिल्ली, जागरण संवाददाता : रोहिणी स्थित टेक्निया इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड स्टडीज के सभागार में दो दिवसीय विकलांगता एक चुनौती-शिक्षा एवं रोजगार विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन शनिवार को हरियाणा के राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया ने किया। उन्होंने कहा कि विकलांग समाज का अभिन्न हिस्सा है। विकलांग उन्मूलन कार्यक्रम में सरकार का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। समारोह की अध्यक्षता टेक्निया ग्रुप आफ एजुकेशन के अध्यक्ष राम कैलाश गुप्ता ने किया। उन्होंने शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों में छिपी प्रतिभा को समाज के सामने लाने पर बल दिया। इस अवसर पर रिहैबिलिटेशन काउंसिल आफ इंडिया के मेजर जनरल आई कारडोजो ने कहा कि सरकार को राष्ट्र के विकास में विकलांगों की भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों ने राजस्थानी लोकगीत पर सुंदर नृत्य भी प्रस्तुत किया। इसे देख दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। दो दिवसीय समारोह में एबिलिटी-एक्सपो विषय पर प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा.बीपी जोशी, इग्नू के कुलपति प्रो.एम.असलम व गोपाल मोर आदि उपस्थित थे।

## टेलिफंकन क्लब बना चैंपियन

स्थानीय खेल

नई दिल्ली, खेल संवाददाता : टेलिफंकन क्लब ने योगेश राणा और प्रवीण यादव के शानदार खेल की मदद से निज स्पोर्ट्स को 20 रन से शिकस्त देकर अखिल भारतीय साहिबजादा अजीत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। टेलिफंकन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 184 रन बनाए। प्रवीण यादव ने दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 50 ... 11 क्रिकेट टूर्नामेंट में आइपी अकादमी को 145 रन से करारी शिकस्त दी। पीके अकादमी ने 272 रन बनाए। आर्यन 69 और कार्तिक ने 59 रन बनाए। पार्थ ने तीन विकेट लिए। जवाब में आइपी अकादमी 29.5 ओवर में 127 रन ही बना सकी। प्रीत ने सर्वाधिक 61 रन बनाए। लक्ष्य ने तीन विकेट ...

₹10,000 का कैश डिस्काउन्ट
Omni
टैक्सी स्कीम 2010 सम्पर्क करें: 9999399160
T.R. SAWHNEY MOTORS PVT. LTD.
(An ISO 9001 Certified Company)
Where Customer Satisfaction is a Tradition........
M.G. Marg, N.D.-02. Cont.: 9999-399148 | E-260, Amar Colony, Opp. Tagore Intl. School, New Delhi-24. Cont.: 9582227309
Delhi - 94. Contact : 9999-399167 | A-16-17, Saraswati Vihar, Near Deepali Chowk, Delhi -34. Contact : 9999-399190
महरौली, बदरपुर व फरीदाबाद के लिए सम्पर्क करें: 9582227347

COLLECTION & FESTIVAL SALE
Polyester / Silk & Linen Blended Suiting Cuts & Classified*
(*cut lengths below 6 mtrs. Seconds & Fresh)
of Brand
Raymond
Upto 50% off
Extended Till 7th Feb. 2012
• Suit length 1050/-
• Blanket 650/-
Latest & Stylish formals
SUITS
&
BLAZERS
Park Avenue ARROW
• Safari length 650/-
• Shawl 550/-

**SANDHYA VEER ARJUN NEW DELHI DATED 22.1.2012**



फाइनल 29 तारीख को खेला जाएगा।

है। टीमों का मुकाबला : 25 जनवरी को खेला जाएगा।

# चहुंमुखी विकास की गति बदस्तूर जारी रहेगी : शिवचरण

फरीदाबाद,(सं)। हरियाणा प्रदेश के श्रम एवं रोजगार, सूचना, जन सम्पर्क एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री पं. शिवचरण लाल शर्मा ने कहा है कि एयर फोर्स स्टेशन 100 मीटर के दायरे में हुए नवनिर्माणों के संदर्भ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन आदेश के बाद आम आदमी को भारी राहत मिली है तथा उन्होने कहा कि भविष्य में भी आम आदमी के हितों का पूरा-पूरा ध्यान रखा जाएगा। श्रम मंत्री एयर फोर्स रोड़ पर स्थित नफीसा गार्डन में एयर फोर्स रोड़ इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नगर निगम फरीदाबाद के वरिष्ठ उपमहापौर पं.मुकेश शर्मा, वार्ड नं. सात की पार्षद एवं श्रम मंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती माया शर्मा, रामलखन कुशवाहा, तुलाराम शास्त्री, स. जगतार सिंह विरदी व गिर्राज मुद्गिल आदि विशेष रूप उपस्थित थे। श्रम मंत्री ने 100 मीटर दायरे में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन आदेश का सम्मान करते हुए उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी अदालत द्वारा आम आदमी के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। श्रममंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के सहयोग से क्षेत्र में चहुंमुखी विकास की गति बदस्तूर जारी रहेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि वह परिवार के एक मुखिया की तरह हमेशा क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में शरीक रहेंगे। इस अवसर पर ईश्वर शर्मा, बलवीर सिंह बालगुहेर, आर.एस. शर्मा, आर.एस. गौतम, खजान सिंह, विवेक गौतम, जगदीश खेड़ा, योगेश शर्मा, रतनलाल शर्मा, विक्रमजीत सिंह, अनिल देशवाल, राजा उर्फ रमाशंकर भाई, पवन जून, एयर फोर्स रोड़ व्यापार मंडल के प्रधान रामजुनेजा, प्रभुदयाल, मा. महावीर, स.कुलदीप सिंह चगर, चन्द्रभान, जयकुमार शर्मा, महीपाल भाटी, राजेन्द्र

## विक्लांग बच्चों का मनोबल बढ़ाया, टेक्नियां इंस्टीट्यूट ने

नई दिल्ली, (प्रियंका ओबराय)। आल इंडिया वैश्य फाउंडेशन और टेक्निया इंस्टीट्यूट ने विक्लांग बच्चों के प्रोत्साहन हेतु डिसएबिलडी कैम्प और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन मधुबन चौक स्थित टेक्निया इंस्टीट्यूट के आडिटोरियम में किया। कार्यक्रम में टेक्नियां के चेयरमैन श्री के.के. गुप्ता सहित डा. अरोड़ा, डा. जोशी, जनरल काउजू, डा. गुप्ता, किरण चोपड़ा, डा. पहाड़ियां और उनके पुत्र संजय पहाड़ियां भी शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में मूक एवं बधिर बच्चो ने नृत्य किया और विक्लांग कवि अख्तर मिर्जा ने अपनी कविता की पंक्तियों से कार्यक्रम का मान बढ़ाया। विक्लांग बच्चों द्वारा बनाई पेंटिग को भी प्रदर्शित किया गया। आल इंडिया वैश्य फाउडेंशन का मुख्य उद्देश्य न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशो में भी विक्लांग बच्चों के मनोबल को बढ़ाना है।

## उपमण्डल स्तरीय गणतंत्र

का नारियल फोडकर शुभारम्भ करने के उपरान्त यहां पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होने कहा कि उनकी कोशिश है कि उनके हलके में लोगो को बिजली, पानी, सड़क, नालियां, सफाई व शिक्षा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध हो सकें। राठौर ने इस मौके पर पूर्वी चावला कालोनी के निवासियों की शिकायतो को भी सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करते हुए नगर निगम के सम्बन्धित एस.डी.ओ. को आदेश दिए। लोगो का कहना था कि इस कालोनी में वर्षो से बेकार हालत मे खड़ी पानी की विशाल टंकी को सुरक्षित तरीके से नष्ट करवाया जाए। उक्त कालोनी की रैजीडेंट्स वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अशोक लखीना, उप प्रधान जगबीर सिंह राणा, महासचिव अशोक कौशिक व पदाधिकारी जगदीश कुमार, महेशचन्द महेश्वरी, नेमसिंह यादव, त्रिलोक चन्द शर्मा तथा वेदप्रकाश गोगीया ने कुमारी राठौर का स्वागत किया। उस अवसर पर नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड 31 की पार्षद अनीता गोस्वामी,पूर्व पार्षद के.जी. गोस्वामी, बल्लभगढ हलके के कांग्रेस अध्यक्ष विजय अरोड़ा, दुकानदार मित्रमण्डल बस अड्डा क्षेत्र बल्लभगढ के प्रधान अशोक गांधी, नगर निगम के एस.डी.ओ. बिरेन्द्र करदम, चौ. बिजेन्द्र सिंह, पं. रविशंकर शर्मा, संजय बक्शी, लखनलाल शर्मा, प्रकाश कुमार, देवीसिंह भाटी, अशोक कुमार गुप्ता, बलबीर हवलदार, हेमन्त कुमार, जयकिशन गर्ग, नन्दकिशोर मंगला, व्यापार संगठन चावला कालोनी मार्केट के प्रधान प्रवीण गर्ग, सीताराम रावत तथा नरेन्द्र गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# नुक्कड़ नाटक से किया टीबी के प्रति छात्रों को जागरूक

फरीदाबाद,(सं)। टीबी लाइलाज मर्ज नही, जांच इलाज पर कोई खर्च नही, डॉटस पक्के इलाज का पक्का वादा, हमारा प्रयास टी.वी मुक्त भारत। ऐसे नारों से आसमान गूंज उठा। ऐसा दृश्य क्रिएटिव कान्सेप्ट सोसाएटी द्वारा गांव सारन

**PUNJAB KESARI, Scholars Carrier, page No. 4, DATED 27.1.2012**



# रहें पाजिटिव बनें सफल

जिंदगी में आगे बढ़ना है, कुछ हासिल करना है तो बहुत जरूरी है हम मेहनत करें। समय का सदुपयोग करें। लापरवाही न बरतें और कामचोरी न करें। अगर किसी व्यक्ति में ये सारे गुण हैं तो उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। ऐसे लोगों के प्रतिद्वंदी भी उन्हें सम्मान की नजर से देखते हैं। हर पल आपस में एक-दूसरे से कुछ सीखने की कोशिश करते हैं।

को तलाश लेता है। वह चुनौती पसंद होता है। परिणामस्वरूप वह किसी कार्य में हाथ आजमाने से नहीं चूकता।

वास्तव में सफल होने के लिए चुनौतीपसंद होना जरूरी है। ख्वाब जब तक ऊंचे नहीं होंगे तब तक उसे पाने की चाहत के चलते हम कठिन परिश्रम नहीं करेंगे, मेहनत करने से कतराते रहेंगे, इसलिए मेहनत, परिश्रम, लापरवाही, समय का सदुपयोग, इन सब चीजों



हम बचपन से यह सुनते आये हैं कि जितनी चादर है, उतना ही पैर फैलाने चाहिए, लेकिन जरा सोचिए कि चादर बड़ी करने की कोशिश नहीं करेंगे तो पैर कैसे फैलाएंगे? कहने का मतलब है कि कभी भी नकारात्मक नहीं सोचना चाहिए। नकारात्मक भावनाओं के कारण बनती बात बिगड़ सकती है, सफल होने के रास्ते सामने होने के बावजूद उसमें जाने की हिम्मत नहीं बनती। इसे और भी आसान तरीके से समझें। हमेशा दो किस्म के आदमी होते हैं। एक नकारात्मक सोच वाला और एक सकारात्मक सोच वाला। जो व्यक्ति नकारात्मक सोचता है, वह डरता है, उसका आत्मविश्वास कमजोर होता है। यही कारण है कि वह कभी ऊंचे ख्वाब नहीं देखता, कोई जोखिम नहीं लेता। इसके विपरीत सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति हर चीज में पाजिटिविटी

को सीखने से पहले जरूरी है कि हम अपनी सोच बदलें। पाजिटिव बनें। अगर किसी काम में बार-बार असफलता मिल रही हो तो उसके पीछे के कारण को जाने बगैर नेगेटिव होने से बचें। असल में यह आपकी सोच पर निर्भर करता है। अगर आपको नकारात्मक का एहसास हो रहा है तो कुछ देर तक उस काम को करन से बचें। सोचें कि शायद यह वक्त मस्ती करने का है। दरअसल निरंतर काम करने पर जब बार-बार असफलता का चेहरा देखना पड़ता है तो वहां न चाहते हुए भी नकारात्मकता हावी हो जाती है। यही कारण है कि विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति कहीं घूम आना चाहिए या फिर दोस्तों के साथ पार्टी करनी चाहिए। थोड़ा रिलैक्स होने के बाद दोबारा नए सिरे से शुरूआत करने से नेगेटिविटी कहीं बाकी नहीं बचती।

## साप्ताहिक कटाक्ष / शेखर गुरेरा

# टैक्निया इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी











**पिछलले** दिनों दिल्ली स्थित टैक्निया इंस्टीट्यूट आफ एडवांस स्टडीज के तत्वावधान में दो दिवसीय । अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन र किया गया। 'विकलांग एक चुनौतीतो-शिक्षा एवं रोजगार में इसके अवावसर' विषय पर आयोजित इस संगोष्ठीठी में हरियाणा के राज्यपाल

जगन्नाथ पहाड़िया ने कहा कि विकलांग व्यक्ति समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उसे प्रेम और सम्मान के साथ आत्मनिर्भर बनने हेतु सहायता की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सरकारी प्रयास के अलावा विकलांगता उन्मूलन में आम जन की सहभागिता भी जरूरी है। इस अवसर पर रिहबिलिटेशन काउंसिल आफ इंडिया (आर.सी.आई) के चेयरमैन मेजर जनरल आई. कारडोजो ने कहा कि विकलांग लोगों को उचित शिक्षा एवं रोजगार के द्वारा राष्ट्रीय विकास में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एम. असलम, गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. बी.पी. जोशी और वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब की चेयरपर्सन किरण चोपड़ा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी। समारोह की अध्यक्षता टैक्निया ग्रुप आफ एजुकेशन के चेयरमैन राम कैलाश गुप्ता ने की।

संस्थान के निदेशक डा. अजय कुमार राठौर ने स्वागत भाषण दिया और पी.एन. कपूरिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस समारोह में एबिलिटी एक्सपो प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें 35 कंपनियों ने अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया।

इस मौके पर विकलांगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर भारत की बहुरंगी सभ्यता का बेजोड़ प्रदर्शन किया और इस प्रस्तुति ने सबका दिल मोह लिया। इसके अलावा कई बच्चों ने पेंटिंग एवं अन्य कलाओं का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

**VEER ARJUN, NEW DELHI, Dt.23.1. 2012**





सकता। भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ... चलते समय खतरा यह रहता है कि ... बचा।

# टेक्निया में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

हमारे संवाददाता

नई दिल्ली। हरियाणा के राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया ने कहा कि विकलांग व्यक्ति समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है उसे प्रेम व सम्मान के साथ आत्मनिर्भर बनने हेतु सहायता की जरूरत है। भारत सरकार इन लोगों के विकास के लिए भरपूर प्रयास कर रही है लेकिन सरकारी प्रयास विकलांगता उन्मूलन की दिशा में पूरी मंजिल तब तक हासिल नहीं कर पाएंगे जब तक कि आम जन मानस की सहभागिता इसमें सुनिश्चित नहीं होती। उन्होंने सरकार एवं टेक्निया समेत निजी संस्थाओं के प्रयास को इस दिशा में सराहनीय बताया।

**समारोह की अध्यक्षता करते हुए टेक्निया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन, शिक्षाविद एवं समाजसेवी राम कैलाश गुप्ता ने कहा कि विकलांग लोगों के विकास के लिए टेक्निया निरंतर प्रयासरत है जिससे कि ऐसी बच्चों को विशेष शिक्षा एवं वोकेशनल ट्रेनिंग के द्वारा पूर्णतय: आत्मनिर्भर बनाया जा सके।**

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले टेक्निया इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज के तत्वावधान में टेक्निया के सभागार में शनिवार को विकलांगता एक चुनौती शिक्षा एवं रोजगार में इसके अवसर विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा उन्होंने कहा कि सरकार एवं समाज दोनों को विकलांगता उन्मूलन की दिशा में अपने प्रयासों को और तेज गति प्रदान करना चाहिए। इस अवसर पर चेयरमैन ऑफ रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इण्डिया (आरसीआई) मेजर नरल आई कारडोजो ने कहा कि विकलांग लोगों को उचित शिक्षा एवं रोजगार के द्वारा राष्ट्रीय विकास में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एम असलम, गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डा. बीपी जोशी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए टेक्निया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन, शिक्षाविद एवं समाजसेवी श्री रामकैलाश गुप्ता ने कहा कि विकलांग लोगों के विकास के लिए टेक्निया निरंतर प्रयासरत है जिससे कि ऐसी बच्चों को विशेष शिक्षा एवं वोकेशनल ट्रेनिंग के द्वारा पूर्णतय: आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कार्यक्रम की विधिवत प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। टेक्निया के निदेशक डा. अजय कुमार राठौर ने स्वागत भाषण दिया। पीएन कथुरिया ने समारोह का संचालन किया।

समारोह में एबीलिटी-एक्सपो प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की विकलांगता के क्षेत्र में उपकरण लगने वाली लगभग 35 कंपनियां अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

---

प्रमुख अवसंरचना विकास एजेंसी डीएसआईआईडीसी ने ज्ञान पार्क तक परिवहन संपर्क के लिए 4.5 किमी लंबा मोनो रेल संपर्क निर्माण करने का प्रस्ताव रखा था। एजेंसी को यह मोनो रेल संपर्क 12 करोड़ रुपए की लागत सेनिर्मित करना है। डीएसआईआईडीसी ने व्यवहार्यता अध्ययन का जिम्मा आरआईटीईएस को सौंपा था जिसने मोनो रेल संपर्क के बजाय द्वारका मोड़ और बपरौला के बीच एक बस रैपीड ट्रांजिट (बीआरटी) कॉरीडोर बनाने का सुझाव दिया। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया आरआईटीईएस ने मोनो रेल संपर्क के बजाय बीआरटी कॉरीडोर बनाने का सुझाव दिया है। एजेंसी को यह मोनो रेल संपर्क 12 करोड़ रुपए की लागत सेनिर्मित करना है। डीएसआईआईडीसी ने व्यवहार्यता अध्ययन का जिम्मा आरआईटीईएस को सौंपा था जिसने मोनो रेल संपर्क के बजाय द्वारका मोड़ और बपरौला के बीच एक बस रैपीड ट्रांजिट (बीआरटी) कॉरीडोर बनाने का सुझाव दिया। सरकार ने औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए जमीनी कार्य शुरू कर दिया है। यह पार्क 77 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में बनाया जाना है।

---



...ल के भवन का उद्घाटन करती हुईं।

छाया: रघुवीर सिंह

---

## ...उल्लंघन ...नी

...श्रमिकों को वेतन प्रतिमाह ...पया कर दिया गया।

...ली के श्रम एवं उद्योग मंत्री ... गोस्वामी ने कहा कि ...ना मालिकों द्वारा किए जा रहे ...का उल्लंघन को देखते हुए ही ...ने श्रमिकों का वेतन क्रॉस ...ड्राट या उनके बैंक खाते में ...करने का आदेश दिया है ...कि श्रमिकों का शोषण रोका ...।

...न्होंने कहा कि ऐसा नहीं ...वाले कारखानों मालिकों के ... सरकार सख्त से सख्त ...उठाने में भी नहीं हिचकेगी। ...अतिरिक्त श्रम एवं उद्योग ...शिकायतों स्वत: संज्ञान

---

## मोतियाबिंद के मामले में रोबा सर्जरी के परिणाम उत्साहजनक : चौधरी

नई दिल्ली (हस)। जाने-माने नेत्र रोग विशेषज्ञ व आई-7 के निदेशक डा. संजय चौधरी ने कहा कि मोतिया बिन्द के अच्छे नतीजे सामने आए है और इसे लेकर लोगों में उत्साह है।डा. चौधरी ने यह बात राजधानी के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज मे आयोजित ई मेडिन्यूज रोविजिटिंग 2011 के मौके पर कहा जहा चिकित्सा क्षेत्र में आई नई तकनीकों पर विस्तार से चर्चा हुई और डाक्टरों ने उस विषय में विस्तार से भी बताया।डा. चौधरी ने कहा कि मोतिया बिन्द को लेकर अभी भी बहुत सी भ्रान्तियां हैं जिन्हें दूर किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा आखो के मामले में लापरवाही कभी नहीं करनी चाहिए क्योंकि आखें हमारे जीवन में वह महत्वपूर्ण अंग हैं जिससे हम पूरी सुन्दरता देखते हैं।डा. चौधरी ने कहा

**SANDHYA MAHALAXMI BHAGYAUDAY NEW DELHI 23.1. 2012**

सांध्य महालक्ष्मी भाग्योदय
नई दिल्ली
23 जनवरी 2012 3

यमुना पुश्ते को प्रदूषणमुक्त बनाने का संकल्प

# विकलांगों की भूमिका सुनिश्चित हो

रोहिणी स्थित टेक्निया इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड स्टडीज के सभागार में दो दिवसीय विकलांगता एक चुनौती-शिक्षा एवं रोजगार विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन शनिवार को हरियाणा के राज्यपाल जगन्नाथ पहाड़िया ने किया। उन्होंने कहा कि विकलांग समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। विकलांग उन्मूलन कार्यक्रम में सरकार का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। समारोह की अध्यक्षता टेक्निया ग्रुप आफ एजुकेशन के अध्यक्ष राम कैलाश गुप्ता ने किया। उन्होंने शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों में छिपी प्रतिभा को समाज के सामने लाने पर बल दिया। इस अवसर पर रिहैबिलिटेशन काउंसिल आफ इंडिया के मेजर जनरल आई कारडोजो ने कहा कि सरकार को राष्ट्र के विकास में विकलांगों की भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए।

**HINDUSTAN TIMES, LIVE NORTH DELHI, DATED 31.1.2012**



# Gearing up for annual

## localevents

The Rohini campus of the Jagan Institute of Management Studies came alive when students showcased their talent at the zonal prelims of Anugoonj, the annual cultural festival of the Guru Gobind Singh Indraprastha University (GGSIU). A number of events and competitions were held in the zonal prelims. A fashion parade and Mr and Ms Anugoonj competition marked the conclusion of the colourful event. The winners of the zonal prelims will participate in the finals of the Anugoonj festival that will be held from February 2 to 4, at the GGSIU campus at Dwarka.



A seminar was organised by Akhil Bhartiya Vaish Maha Sammelan at Tecnia Institute, Rohini.

## Seminar

A two-day international seminar was organised jointly by Akhil Bhartiya Vaish Maha Sammelan and Tecnia Institute of Advanced Studies (TIAS), on the topic, disability is a challenge - its opportunities in education and employment. The meet concluded amidst colourful cultural programmes presented by the differently-abled from across of country. Haryana governor Jagannath Pahadia was the chief guest on the occasion.

## Lounge journals

The Lounge Journals, a national initiative by Café Coffee Day was introduced last week at the Café Coffee Day Lounge at Connaught Place by actor Poorna Jaggannathan of Delhi Belly fame. The Lounge Journals is a series of talk sessions with celebrity experts on hobbies, topics and passions of the youth. Jagannathan shared her experiences and knowledge of the various facets of acting.




Maneka Gandhi a

## New collection

Designer Nidhi Tholia showcased her Jaipur's Timeless Gota collection at Ogaan, Emporio, last week. Her collection includes lehengas, salwar and churidar suits and saris with intricate designs done in gota wor

The evening k over wine and ch well attended by circuit including Dhingra, Bharti Sonali Punj, Kav and Aashti Bhar



Chief minister Sheila Dikshit paying tribute to Lal Bahad

htclassifieds

SITUATIONS VACANT

ENGINEER/PRODUCTION /TECHNICAL

Wanted

Well Experienced Manufacturing Chemists In Paints, adhesives, Inks, Foundry Chemicals ,Lubricants, Greases, Pretreatment, Chemicals, Insulating Varnishes, Bird Chemicals, Any Specialized Item Can Make Independently For Our Gurgaon/Sohna Factories. Apply Urgently.

E-mail:- har_chem@rediffmail.com

**DIVYA HIMACHAL SHIMLA-CHANDIGARH 2.2.2012**

दिव्य हिमाचल
शिमला-चंडीगढ़, गुरुवार, 2 फरवरी, 2012 11

# 'विकलांगता : एक चुनौती' पर टीआईएएस का सेमिनार

**नई दिल्ली** — भारतीय वैश्य महासंघ और टेक्निया इंस्टीच्यूट आफ एडवांस स्टडी (टीआईएएस) की ओर से 'विकलांगता : एक चुनौती' विषय पर दो दिवसीय सेमिनार लगाया गया। इस सेमिनार में पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघाल मुख्यातिथि के रूप में पधारे। टेक्निया ग्रुप के चेयरमैन राम कैलाश गुप्ता ने बताया कि टेक्निया समूह अक्षमों की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। अक्षम बहुत ही होनहार होते हैं। बस उन्हें उत्साहित व सहयोग देने की आवश्यकता होती है।

## HINDUSTAN TIMES, NEW DELHI, Dt.19.1.2012




**Smt. Sheila Dikshit**
Hon'ble Chief Minister, Delhi



**Prof. Kiran Walia**
Hon'ble Minister of Social Welfare, Delhi

# *We Care*
## for the
## People with Disability



Government of NCT of Delhi in collaboration with Bhagwan Mahaveer Viklang Sahayata Samiti, is organizing Disability Camps for distribution of Prosthetic and Orthotic in North-West-I, North-West-II & South-West Districts.

**In the camps, Prosthetic and Orthotic aids would be distributed free of cost on the spot.**

**1. Jaipur artificial limbs (lower limbs) 2. Jaipur light weight polio calipers with sports shoes. 3. Aluminum Auxiliary crutches. 4. Custom made leprosy footwear. 5. Modified shoes.**

**Check-up of those beneficiaries who have availed the services held in the Camps during the last two years would be done free of cost.**

### District : North-West-I

**Date :** 21/01/2012 & 22/01/2012 **Time :** 10:00 A.M. to 4:00 P.M.
**Venue :** Tecnia, 3 PSP Institutional Area, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85

| Contact Person | Phone No. | May also Contact | Phone No. |
|---|---|---|---|
| Smt. Asha Gandhi, District Social Welfare Officer | 27040844 | Sh. Sanjeev Kumar Manager, Bhagwan Mahaveer Viklang Sahayata Samiti | 28745133 |
| Dr. Anmol Arora, Medial Director, Tecnia | 9810097591 | | |

### District : North-West-II

**Date :** 24/01/2012 & 25/01/2012 **Time :** 10:00 A.M. to 4:00 P.M.
**Venue :** Dharamshala, C/o Maruti Nandan Sewa Samiti, Near Panchayat Ghar, Purani Anaaj Mandi, Narela, Delhi-40

| Contact Person | Phone No. | May also Contact | Phone No. |
|---|---|---|---|
| Sh. Anil Kumar Behal, District Social Welfare Officer | 9711684387 | Sh. Sanjeev Kumar Manager, Bhagwan Mahaveer Viklang Sahayata Samiti | 28745133 |
| Rukhsar Ahmed Khan, Welfare Officer | 9013760786 | | |

### District : South-West

**Date :** 31/01/2012 & 01/02/2012 **Time :** 10:00 A.M. to 4:00 P.M.
**Venue :** Radhika Vatika 1, Old Palam Road, Kakrola, Opp. Sumesh Shokeen, MLA Office, New Delhi-78

| Contact Person | Phone No. | May also Contact | Phone No. |
|---|---|---|---|
| Smt. Amita Sudan, District Social Welfare Officer | 26529019 | Sh. Sanjeev Kumar Manager, Bhagwan Mahaveer Viklang Sahayata Samiti | 28745133 |
| Sh. Dinesh, Welfare Officer | 26528175 | | |

**DOCUMENTS REQUIRED : PROOF OF RESIDENCE OF DELHI**
**AIDS and appliances will be provided to the Persons with Disabilities who are Residents of Delhi.**

DIP/1417/2011-12

**DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE**
**GOVERNMENT OF NCT OF DELHI**

Bhagidari